**SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.**
**Affiliation No. 1130703**
**Academic session 2024-25**
**REVISION WORKSHEET PT - 4**

**NAME:______________** **SUBJECT: HINDI**
**CLASS 7 DIV :______** **L.** वसंत और व्याकरण

**Prepared By: Suman Yadav** **Given date -**
**Prepared date – 10/2/2025**

---

**खंड - अ**

**प्रश्न १)अपठित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

संस्कृति का सामान्य अर्थ है, मानव जीवन के दैनिक आचार-व्यवहार, रहन-सहन तथा क्रिया-कलाप आदि। वास्तव में संस्कृति का निर्माण एक लंबी परम्परा के बाद होता है। संस्कृति विचार व आचरण के वे नियम और मूल्य हैं जिन्हें कोई अपने अतीत से प्राप्त करता है। इसलिए कहा जाता है कि इसे हम अतीत से अपनी विरासत के रूप में प्राप्त करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो संस्कृति एक विशिष्ट जीवन-शैली का नाम है। यह एक सामाजिक विरासत है जो परंपरा से चली आ रही होती है। प्रायः सभ्यता और संस्कृति को एक ही मान लिया जाता है, परंतु इनमें भेद हैं। सभ्यता में मनुष्य के जीवन का भौतिक पक्ष प्रधान है अर्थात् सभ्यता का अनुमान भौतिक सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है। इसके लिए विपरीत संस्कृति को आत्मा माना जा सकता है। इसलिए इन दोनों को अलग-अलग करके नहीं देखा जा सकता। वास्तव में दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। इनका विकास भी साथ-साथ होता है। अंतर केवल इतना है कि सभ्यता समय के बाद बदलती रहती है, किंतु संस्कृति शाश्वत रहती है।

(१) संस्कृति का निर्माण कैसे होता है?
(क) लंबी परम्परा के बाद (ख) केवल रहन-सहन से (ग) आचार-व्यवहार से (घ) विरासत से

(२) संस्कृति कैसी रहती है ?
(क) अलौकिक (ख) निराकार (ग) शाश्वत (घ) परोक्ष

(३) विपरीत संस्कृति को आत्मा माना जा सकता है?
(क)परमात्मा (ख) आत्मा (ग) ब्रम्ह (घ) काल

(४) सभ्यता का अनुमान भौतिक सुख-सुविधाओं से लगाया जा सकता है?
(क) भौतिक सुख-सुविधाओं से (ख) विरासत से (ग) निर्माण से (घ) सभी

(५) 'मरण' का विलोम शब्द लिखिए |
(क) निराशा (ख) दुःख (ग) जीवन (घ) मृत्यु

**प्रश्न२ निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए |**

(१ दिए गए वाक्य में कौन - सा विराम चिह्न होगा— देखो कौन आया है
(क) अल्पविराम (ख) लाघव चिह्न (ग) पूर्णविराम (घ) योजक चिह्न

२. खुशी में बाधा पड़ना' के लिए उपयुक्त मुहावरा है-
क) जंगल में मंगल ख)रंग में भंग पड़ना ग)फूला न समाना

३. दिए गए शब्द का शुद्ध रूप चुनकर लिखिए।
(क) क्योंकि (ख) क्योंकी (ग) कोकई (घ)क्योकी

४. निम्नलिखित वाक्यों में से कौन- सा शुद्ध वाक्य है?
(क)आए आप कब ? (ख) आप कब आए ? (ग) कब आप आए ? (घ)इनमें से कोई नहीं

५. अर्थ के आधार पर कितने प्रकार के वाक्य होते हैं?

(क) आठ (ख)तीन (ग) चार (घ) सात

६. दिए गए वाक्य 'रचना के आधार पर 'कौन -सा वाक्य है?

नेहा गा रही और अंशु नाच रही है।

(क)सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य (ग) मिश्रित वाक्य (घ)इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न३ पठित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

मुझे मालूम हुआ है कि प्रमुख लोगों की इच्छा यह है कि अहमदाबाद में यह प्रयोग एक वर्ष तक किया जाए। यदि ऐसा हो तो अहमदाबाद को ऊपर बताया गया सब खर्च उठाना चाहिए। मेरी माँग तो यह भी है कि अहमदाबाद मुझे पूरी ज़मीन और मकान सभी दे दें तो बाकी खर्च मैं कहीं और से या दूसरी तरह जुटा लूँगा। अब चूँकि विचार बदल गया है , इसलिए ऐसा लगता है कि एक वर्ष का या इससे कुछ कम दिनों का खर्च अहमदाबाद को उठाना चाहिए। यदि अहमदाबाद एक वर्ष के खर्च का बोझ उठाने के लिए तैयार न हो , तो ऊपर बताए गए खाने के खर्च का इंतज़ाम मैं कर सकता हूँ। चूँकि मैंने खर्च का यह अनुमान जल्दी में तैयार किया है , इसलिए यह संभव है कि कुछ मदें मुझसे छूट गई हों। इसके अतिरिक्त खाने के खर्च के सिवा मुझे स्थानीय स्थितियों की जानकारी नहीं है। इसलिए मेरे अनुमान में भूलें भी हो सकती हैं।

१. अहमदाबाद में प्रयोग कितने वर्ष तक करने की गई ?

(क) दो वर्ष (ख) तीन वर्ष (ग) चार वर्ष (घ) एक वर्ष

२ गाँधी जी की अहमदाबाद से क्या मांग है ?

(क) पूरी ज़मीन और मकान (ख) मकान (ग) ज़मीन (घ) इनमें से कोई नहीं

३. किसका विचार बदल गया है ?

(क) आश्रमवासियों का (ख) गाँधी जी का (ग) अहमदाबाद के निवासियों का (घ) (क) तथा (ख )

४. गाँधी जी को किस चीज की जानकारी नहीं है ?

(क) रूपये की (ख) कुछ मदों की (ग) स्थानीय स्थितियों की (घ) इनमें से कोई नहीं

५. घर का पर्यायवाची शब्द लिखिए |

(क) महल (ख) पुरस्कार (ग) मकान (घ) बहिष्कार

**प्रश्न ४.निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

\-

जागो बंसीवारे ललना !
जागो मोरे प्यारे !
रजनी बीती , भोर भयो है , घर – घर खुले किंवारे।
गोपी दही मथत , सुनियत हैं कंगना के झनकारे ।।

१. ब्रज में सुबह होते ही घरों के द्वार क्या हो जाते हैं ?

(क) खुल जाते हैं (ख) बंद हो जाते हैं (ग) टूट जाते हैं (घ) बिखर जाते हैं

२. पद में गोपियों को क्या मथते हुए दर्शाया गया है ?

(क) दूध (ख) लस्सी (ग) दही (घ) उपर्युक्त सभी

३. श्रीकृष्ण के दर्शनों के लिए उनके द्वार पर कौन खड़े हैं ?

(क) देवता (ख) दानव (ग) मानव (घ) (क ) तथा (ख )

४. कृष्ण अपने हाथों में क्या लेकर गायों को चराने जाते थे ?

(क) झंडा (ख) माक्खन-रोटी (ग) मुरली (घ) कम्बल

५. मीरा के प्रभु शरण में आने वाले का क्या करते हैं ?

(क) तिरस्कार (ख) पुरस्कार (ग) उद्धार (घ) बहिष्कार

## खंड - ब

**प्रश्न५. निम्नलिखित में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर २- ३ वाक्यों में लिखिए |**

(क) महाराष्ट्र सरकार ने धनराज को कैसे सम्मानित किया?

(ख) लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?

(ग) खानपान संस्कृति का 'राष्ट्रीय एकता' में क्या योगदान है?

घ) ख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई ?

**प्रश्न६.निम्नलिखित में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर ४- ५ वाक्यों में लिखिए |**

(क) नीलकंठ ने खरगोश के बच्चे को साँप से किस तरह बचाया? इस घटना के आधार पर नीलकंठ के स्वभाव की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) साक्षात्कार पढ़कर आपके मन में धनराज पिल्लै की कैसी छवि उभरती है? वर्णन कीजिए।

## खंड - क

**प्रश्न६.**

क) आपके नए घर में गृह प्रवेश का आयोजन होने पर अपने मित्र को निमंत्रण देते हुए कार्ड द्वारा निमंत्रण देते हुए पत्र लिखिए ।

**प्रश्न ८) परीक्षा में आपके भाई सर्वोत्तम अंक मिले हैं' इसकेलिए बधाई देते हुए ई -मेल लेखन कीजिए |**

SUB. TEACHER HOD CO- ORDINATOR PRINCIPAL